अनुक्रमांक...............                                  मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 12

नाम.............................

932                                                                                825(DF)

**2026**

# सामाजिक विज्ञान

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट]**                                              **[ पूर्णांक: 70**

---

**निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों खण्ड अ तथा खण्ड ब में विभाजित है।

(iii) खण्ड-अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर नीले आकाकाले बाल प्वाइंट कलम से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें

(iv) खण्ड-अ के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें। ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात् उसे नहीं काटें तथा इरेजर हाइटनर का प्रयोग न करें।

(v) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) खण्ड-ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। इस खण्ड में वर्णनात्मक-I, वर्णनात्मक-II तथा मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं।

(vii) खण्ड-ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें।

(viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

(ix) दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ मजबूती से संलग्न करना आवश्यक है।

(x) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न 9 (A) तथा 9 (B) लिखने के लिए दिए गये हैं।

modelpaper.info

## खण्ड-'अ'

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1. राष्ट्रबाद का प्रारम्भ सर्वप्रथम किस देश में हुआ- 1

(a) इंग्लैण्ड (b) अमेरिका (c) फ्रांत्रा (d) रूस

2. श्रमिकों द्वारा नई प्रौद्योगिकी के विरूद्ध होने के क्या कारण थे- 1

(a) रोजगार (b) बेरोजगारी (c) मूल्य वृद्धि (d) ये सभी

3. भारत वापस आने पर गाँधीजी ने पहला सत्याग्रह कहाँ किया था? 1

(a) चम्पारण (b) बारदोली

(c) अहमदाबाद (d) खेड़ा

4. विश्व बैंक और आई. एम. एफ. ने औपचारिक रूप से कार्य कब शुरू किया। 1

(a) वर्ष 1950 (b) वर्ष 1947 (c) वर्ष 1949 (d) वर्ष 1952

5. बालपुस्तक छपने के लिए प्रेस की स्थापना कहाँ हुई- 1

(a) जर्मनी (b) इटली (c) फ्रांस (d) इंग्लैण्ड

6. निम्न में से कौन-सा उद्योग बॉक्साइट को कच्चे माल के रूप में प्रयोग करता है- 1

(a) एल्युमीनियम (b) प्रटसन (c) सीमेण्ट (d) स्टील

7. निम्नलिखित में से परिवहन का कौन-सा साधन वाहनांतरण हानियों तथा देरी को घटाता है- 1

(a) रेल परिवहन (b) सूड़क परिवहन

(c) पाइपलाइन (d) जल परिवहन

8. निम्नलिखित में से कौन-सा अलयणीय जल का स्रोत है? 1

(a) वर्षण (b) सतही जल (c) भौमजल (d) ये सभी

9. निम्न में से कौन-सी रेशेदार फसल है? 1

(a) कपास (b) जूट (c) प्राकृतिक रेशम (d) ये सभी

10. भारत में पवन ऊर्जा का विशाल फार्म कहाँ स्थित है? 1

(a) तमिलनाडु (b) उत्तराखण्ड

(c) हिमाचल प्रदेश (d) जम्मू और कश्मीर

modelpaper.info

11. बेल्जियम, यूरोप महाद्वीप के किस भाग में स्थित एक छोटा-सा देश है? 1

(a) उत्तरी यूरोप (b) पश्चिम यूरोप

(c) पूर्वी यूरोप (d) दक्षिण यूरोप

12. संविधान में उल्लिखित तीन सूचियों में से, निम्नलिखित में से कौन-सा विषय समवर्ती सूची में शामिल है- 1

(a) शिक्षा (b) कृषि

(c) पुलिस (d) रक्षा

13. जाति, धर्म और लिंग आधारित किन मतभेदों से समाज को असमानता एवं विभाजन का रूप दिखाई देता है? 1

(a) सांस्कृतिक (b) सामाजिक

(c) समावेशी (d) आर्थिक

14. भारतीय जनता पार्टी का मुख्य प्रेरक सिद्धांत क्या है? 1

(a) बहुजन समाज (b) क्रान्तिकारी लोकतन्त्र

(c) सांस्कृतिक राष्ट्रवाद (d) आधुनिकता

15. किसी भी निर्णय को लेने से पहले, प्रक्रियाओं का उचित पालन करना किसकी जिम्मेदारी है? 1

(a) राष्ट्रपति (b) मुख्य न्यायाधीश

(c) विधि निर्माण अधिकारी (d) सङ्ककार

16. मान लीजिए कि एक देश में चार परिवार है। इन परिवारों की प्रतिव्यक्ति आय रू. 5000 है। अगर तीन परिवारों की आय क्रमशः रु. 4000, 7000 और 5000 है, तो चौथे परिवार की आय क्या है? 1

(a) रु. 7500 (b) रु. 3000

(c) रू. 2000 (d) रु. 6000

17. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति असंगठित क्षेत्रक के अन्तर्गत आता है- 1

(a) कृषि मजदूर (b) बैंक मैनेजर

(c) राजपत्रित अधिकारी (d) सैनिक

modelpaper.info

18. सरकारी समितियों के सदस्य को ऋण की प्राप्ति किसके द्वारा होती है- 1

(a) बैंक (b) गृहकारी समिति

(c) साहूकार (d) कॉपरेटिव

19. अमेरिका की किस कम्पनी ने भारत में परख फूड्स का अधिग्रहण किया है? 1

(a) जेमिनी फूड्स (b) कारगिल फूड्स

(c) सनराइस फूड्स (d) इनरिच फूड्स

20. हॉलमार्क निम्न में से किन पर चिह्नित होता है? 1

(a) जेवर पर (b) सोने के आभूषण पर

(c) विजली के तार पर (d) हीटर पर

## खण्ड 'ब' [ वर्णनात्मक प्रश्न ]

### लघु उत्तरीय प्रश्न

1. बेटन वुड्स समझौते का क्या अर्थ है? 4

अथवा

गुटेनबर्ग ने किस तरह मुद्रण में अपना योगदान दिया? 4

2. राष्ट्रीय उद्यान किसे कहते हैं? 4

अथवा

आधारभूत उद्योग क्या है? उदाहरण देकर बताइए। 4

3. संघवाद क्या है? इसकी प्रमुख विशेषताएं लिखिए। 4

अथवा

लोकतंत्रीय व्यवस्थाएँ आर्थिक असमानताओं को कम क्यों नहीं कर पाई है? 4

4. राष्ट्रीय आय-वृद्धि हेतु कोई तीन उपाय सुझाइए। 4

अथवा

कोपरा (COPRA) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 4

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

5. गाँधी की नमक यात्रा का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

modelpaper.info

भारत में प्रारम्भिक उद्योग किसने लगाया ? उनके लिए पूँजी कहाँ से आ रही है?

6. भारत में भूमि-उपयोग के प्रमुख प्रारूपों की विवेचना कीजिए। 6

अथवा

भारत की मुख्य फसलों पर एक टिप्पणी लिखिए।

7. बताइए कि भारत में किस तरह अभी भी जातिगत असमानताएँ जारी हैं? 6

अथवा

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की विभिन्न भूमिकाओ का वर्णन कीजिए। 6

8. असगठित क्षेत्रक के श्रमिकों की समस्याओं की विवेचना कीजिए। 6

अथवा

भारतीय रिजर्व बैंक की महत्ता का वर्णन कीजिए।

**9. मानचित्र कार्य**

(क) निर्देशः निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा मानचित्र में ○ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। • 5

(अ) वह स्थान जहाँ 1929 में भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस का अधिवेशन हुआ।

(ब) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने किसान सत्याग्रह का विहार में नेतृत्वय किया।

(स) वह स्थान जहाँ सी. विजयाराघवाचार्य की अध्यक्षता वाला सन् 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

(द) वह स्थान जहाँ नमक हाथ में लेकर नमक विरोधी कानून को भंग किया गया था।

(य) वह स्थान जहाँ से डाडी मार्च शुरू हुआ।

(ख) निर्देशः दिए गए भारत केरेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए। 5

(अ) उत्तरी भारत का एक अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा ◉ चिन्ह द्वारा नाम सहित

(ब) बंगाल की खाड़ी में गिरने ली एक प्रमुख नदी γ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइये।

(स) गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य Δ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए।

(द) लौह अयस्क की कोई एक खान दर्शाइए। चिन्ह द्वारा नाम सहित

(य) भारत का सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी का कोई एक केन्द्र * चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए।

modelpaper.info